Since: 1984 Regd. No. 6467

अप्रैल-मई 2024 समाचार पत्र

# मानव मंदिर मिशन ट्रस्ट



**जय जिनेन्द्र, ओम् अर्हम्**

**प्रिय शुभचिंतकों!**

हम मानव मंदिर मिशन के समाज सेवा के प्रयासों के प्रति आपके समर्थन और उदारता के लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं। आपकी सहायता के माध्यम से हमने मानवता की सेवा और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के कार्य में अद्वितीय प्रगति की है। आपके योगदान ने हमें उन लोगों के जीवन में वास्तविकता में अंतर लाने की संभावना को साकार किया है जो अभाव में हैं। हमारे मिशन की सफलता के पीछे आप सभी हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। इस समाचार पत्र के माध्यम से हम आपको अपने सेवा प्रकल्पों की जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

## पूज्य गुरुदेव जी का स्वास्थ्य समाचार और आशीर्वाद



**पूज्य गुरुदेव जी का स्वास्थ्य स्थिर है और इस समाचार पत्र के मध्यम से वो आपको अपना आशीर्वाद और शुभकामनायें प्रदान कर रहे हैं।**

# हमारी विभिन्न गतिविधियां

## मानव मंदिर गुरुकुल की छात्रा 'प्रीति' ने जीता स्वर्ण पदक





हमें मानव मंदिर गुरुकुल की अपनी एक छात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। प्रीति, जो वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजी डीएवी कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रही है, ने कॉलेज स्तर पर प्रतिस्पर्धी 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर हमारे संस्थान को बहुत गौरवान्वित किया है। प्रीति के समर्पण, दृढ़ता और प्रदर्शन उत्कृष्टता की उस भावना का उदाहरण है जिसे हम अपने सभी छात्रों में पैदा करने का प्रयास करते हैं।

# चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आचार्यश्री रूपचंद्र जी ऑनलाइन शिक्षण प्रकल्प की 151 कन्याओं का दिव्य-भव्य-पूजन

मानव मंदिर मिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित आचार्यश्री रुपचन्द्र वर्चुअल शिक्षा प्रकल्प के तहत लगभग 400 बच्चे अभी शिक्षा ले रहे हैं, चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर इस प्रकल्प की 101 कन्याओं के पूजन का आयोजन निश्चित हुआ था बाद में कन्याओं की संख्या बढ़ कर 151 हो गई।दो दिन के चले इस आयोजन में दूसरे दिन संस्था के ट्रस्टी व निदेशक श्री अरुण योगी जी उपलब्ध थे। इस प्रकल्प का संचालन मानव मंदिर मिशन ट्रस्ट करता है और संस्था इस प्रकल्प के क्रियान्वयन की ज़िम्मेवारी नई सोच नई पहल को दी गई है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मास्टर श्री दिनेश जोशी जी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर भव्य-यज्ञ के आयोजन के साथ कन्याओं की पूजा, कन्याओं की महाआरती, पाठ्य सामग्री के साथ हर कन्या को दक्षिणा भी प्रदान किया गया। श्री अरुण योगी जी कन्याओं पर पुष्प वर्षा के साथ चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया और योगी जी ने कन्याओं से अनुरोध किया कि साध्वी कनकलता जी, साध्वी समताश्री जी, साध्वी वसुमती जी व मानव मंदिर मिशन की टीम की मज़बूती और सफलता के लिए आप अपना आशीर्वाद प्रदान करें जिससे सेवा, शिक्षा और योग-साधना हम जन-मानस तक पहुँचा पाने में सफल हों तभी पूज्य गुरुदेव आचार्यश्री रुपचन्द्र जी महाराज का सपना पूर्ण होगा।










# मानव मंदिर मिशन की टीम द्वारा पाकिस्तानी हिन्दू शरणार्थी शिविर में शैक्षिक सामग्री का वितरण

मानव मंदिर मिशन की टीम ने साध्वी समताश्री जी की अगुवाई में नई दिल्ली के मजनूँ का टीला पर स्थित पाकिस्तानी हिन्दू शरणार्थी शिविर के बच्चों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने नए शैक्षिक सत्र के आरंभ पर बच्चों को विभिन्न शैक्षिक सामग्री का वितरण किया। इसमें किताबें, कापियाँ, पेन, बैग और स्टेशनरी सामग्री शामिल थी। यह पहल उन बच्चों के लिए एक आशा की किरण बनी, जो अपने शैक्षिक सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस प्रयास के माध्यम से, मानव मंदिर मिशन ने उन बच्चों को शैक्षिक संवर्धन के दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।









# मानव मंदिर मिशन में रूपांतरण योग कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन

पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री रुपचंद्र जी महाराज के सान्निध्य में मानव मंदिर मिशन परिसर में दिनांक 28-04-2024, रविवार को रूपांतरण योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे भारी संख्या में योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री रुपचंद्र जी महाराज का उद्बोधन-आशीर्वाद प्राप्त हुआ। मानव मंदिर गुरुकुल की छात्रा दिव्या और शिखा ने भजन के माध्यम से सभी आगंतुकों को मानव मंदिर मिशन से परिचित कराया, तत्पश्चात वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं दर्शनशास्त्री डॉ. अरुण प्रकाश जी ने रूपांतरण शब्द की अद्भुत व्याख्या करते हुए इस प्रकल्प के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया। आदरणीय साध्वी समताश्री जी ने रंग चिकित्सा, डॉ. एम.टी.आरिफ जी ने आपात स्थिति में आयुर्वेद चिकित्सा, डॉ. गौरव जैन जी ने आहार चिकित्सा और डॉ. अमित जैन जी ने आपात स्थिति में ऍकुप्रेशर चिकित्सा से सभी योग प्रशिक्षकों को अवगत कराया। आदरणीय श्री अरुण योगी जी के द्वारा उपस्थित सभी योग प्रशिक्षकों को 3.15 मिनट की अद्भुत परिणाम देने वाली 'ब्रह्म क्रिया' सिखाई गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर महात्मा गांधी जी द्वारा 1932 में स्थापित हरिजन सेवक संघ एवं अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिसद् के अध्यक्ष प्रोफेसर शंकर कुमार जी सान्याल, संसद से गांव तक योग का परचम लहराने वाले श्री अरुण योगी जी के परम स्नेही योगी श्री अमरेश जी झा, श्री प्रदीप मल्होत्रा जी, श्री दिलीप जी तिवारी, श्री कोटि रेडी जी आदि सभी श्रेष्ठ जनों ने अपने वक्तव्यों से इस आयोजन को गागर में सागर का रुप दिया। इस कार्यक्रम मे भाग लेने वाले सभी योग साधकों को प्रमाणपत्र भी दिया गया।










# एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड में सेवाधाम प्लस द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सेवा धाम प्लस ने बुधवार, 7 मई 2024 को नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के मुख्य कार्यालय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। समग्र स्वास्थ को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम एनबीसीसी कर्मचारियों को सेवा धाम प्लस द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं से परिचित कराने के लिए किया गया था।

प्रतिष्ठित अतिथि, जिनमें एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री के.पी. महादेवस्वामी, एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री नोमान अहमद, एनबीसीसी (इंडिया) के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (एचआरएम) श्री मानस कविराज, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इंजीनियरिंग) श्रीमती रेशमा दुदानी और कार्यकारी निदेशक (वित्त) श्री हृषिकेश कुमार ने अपनी सम्मानजनक उपस्थिति से इस कार्यकर्म की शोभा बढ़ाई। उनकी भागीदारी ने इस पहल के महत्व को रेखांकित किया और कार्यस्थल में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाया।

स्वास्थ्य शिविर में अपने-अपने क्षेत्रों के प्रसिद्ध विशेषज्ञों द्वारा आयोजित ज्ञानवर्धक सत्रों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। अनुभवी आयुर्वेदाचार्य और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. एम.टी. आरिफ़ ने "आहार अवधारणाओं" पर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से, पोषण, जीवनशैली और समग्र स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध समझाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेवा धाम प्लस के ट्रस्टी श्री अरुण योगी जी के नेतृत्व का योग सत्र था। ब्रह्म क्रिया योग तकनीक में अपनी विशेषज्ञता के साथ, श्री अरुण योगी जी ने शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के उद्देश्य से साझा किया।

सेवा धाम प्लस की निदेशक साधवी समता श्री जी के ज्ञानवर्धक प्रवचन ने स्वास्थ्य शिविर को और समृद्ध बनाया। उनकी प्रस्तुति के माध्यम से, उपस्थित लोगों को सेवा धाम प्लस अस्पताल के दृष्टिकोण और मानव मंदिर गुरुकुल के उद्देश्यों की गहरी समझ प्राप्त हुई। साधवी समता श्री महाराज जी के शब्दों ने उपस्थित सहभागियों को कल्याण, करुणा और मानवता की सेवा पर आधारित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस ज्ञानवर्धक सत्र में डॉ. गौरव और योग प्रशिक्षक, प्रदीप जैन के एक्यूप्रेशर, प्राकृतिक चिकित्सा और योगज्ञान का विशेष योगदान रहा।

सेवा धाम प्लस द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर ने सकारात्मक बदलाव हेतु एक प्रेरणा का काम किया, जिससे एनबीसीसी कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए आवश्यक ज्ञान और कुशलता मिली। कार्यकर्म में उपस्थित सहभागी विदा होते हुए, अपने साथ उद्देश्य की एक नई भावना और स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का पोषण करने की प्रतिबद्धता लेकर गए।


SEVA-DHAM Plus
............The Wellness Retreat
(Panchkarma, Ayurveda, Naturopathy, Kerala, Yoga)
With the motto "Trust--Care--Cure", we welcome you to the world of traditional Ayurvedic, Naturopathy and Keralaian Treatments Centre.


SEVA-DHAM Plus
............The Wellness Retreat






SEVA-DHAM Plus
............The Wellness Retreat
With the motto "Trust--Care--Cure", we welcome you to the world of traditional Ayurvedic, Naturopathy and Keralaian Treatments Centre.


SEVA-DHAM Plus


SEVA-DHAM Plus
............The Wellness Retreat
(Panchkarma, Ayurveda, Naturopathy, Kerala, Yoga)

# महासती मंजुलाश्री मातृ सेवा प्रकल्प के अंतर्गत उत्तराखंड में जरुरतमन्द, बेसहारा माताओं को आवश्यक सामग्री का वितरण

मानव मंदिर मिशन की टीम ने दिनाँक 05/05/24 से 08/05/24 तक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में दूरस्थ केंद्रों का दौरा किया। धारचू-ला ग्लेशियर के समीप 7500 फुट की ऊंचाई पर स्थित महासती मंजुलाश्री मातृसेवा के तीन केंद्रों पीपलतड़, बेलकोट और नागौर में जरुरतमन्द, बेसहारा एवं वृद्ध महिलाओं को कपड़े, संपूरक आहार, और प्रतिदिन प्रयोग में आने वाली वस्तुओं का वितरण किया। पूज्य गुरुदेव आचार्यश्री रुपचन्द्र जी महाराज के आशीर्वाद और साध्वी कनकलता जी, साध्वी समताश्री जी एवं अरुण योगी जी के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। टीम ने न केवल आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया बल्कि सभी महिलाओं से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सभी वृद्ध और जरूरतमंद महिलाएं प्रसन्न और उत्साहित थीं।


















# मानव मंदिर गुरुकुल ने बच्चों की उपलब्धियों का हर्ष मनाया

परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री रूप चंद्र जी महाराज के शुभ मार्गदर्शन में, 19 मई, 2024 को मानव मंदिर गुरुकुल ने 2023-24 सत्र के छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मानव मंदिर गुरुकुल के विभिन्न केंद्रों के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वालों में नवित थे, जिन्होंने 12वीं बोर्ड (विज्ञान स्ट्रीम) में 84% अंक हासिल किए, जपजीत ने कॉमर्स स्ट्रीम में 83% अंक हासिल किए, और आर्ट्स स्ट्रीम से पीयूष ने 87% अंक हासिल किए। 10वीं बोर्ड परीक्षा में आशीष ने 83.4% और काजल ने 80% अंक हासिल किए, जबकि चिराग 77.4% अंक हासिल करने में सफल रहे। युवा छात्रों ने भी उल्लेखनीय विकास और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। गौरी ने 7वीं कक्षा में 79%, मेघा ने 78.78%, अभिषेक ने 6वीं कक्षा में 84%, श्रेया ने 5वीं कक्षा में 88% और मानसी ने दूसरी कक्षा में 85.11% अंक हासिल किए। ये परिणाम शिक्षा के प्रति मानव मंदिर गुरुकुल के निरंतर प्रयासों और समग्र दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

इस कार्यक्रम में श्री राजीव रंजन सिन्हा जी, कार्मिक निदेशक, एमएमटीसी लिमिटेड, श्री सौरभ बाजपेयी जी, डीजीएम, सिडबी स्वावलंबन फाउंडेशन, श्री सुदेश पाल जी, सामाजिक कार्यकर्ता और श्री अमित बाठला जी, प्रेरक वक्ता सहित अन्य सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथि छात्रों की उपलब्धियों से बहुत प्रभावित हुए और सभी ने छात्रों की वृद्धि और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए मानव मंदिर गुरुकुल की भरपूर प्रशंसा की। मानव मंदिर गुरुकुल की निदेशक साध्वी समता श्री ने छात्रों को बधाई दी और वंचित बच्चों के जीवन को बदलने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा में मानव मंदिर गुरुकुल के पूर्व छात्रों की सफलता पर प्रकाश डाला, जिसमें गगन की दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय में एमटेक और शिवम की आईआईटी कानपुर में बीटेक की डिग्री का उल्लेख किया गया। इसके अतिरिक्त, दिव्या, प्रीति, दीपू और कामिनी सहित कई छात्र वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं।

कार्यक्रम का सुबह का सत्र दोपहर के भोजन के साथ संपन्न हुआ, जिसमें मानव मंदिर गुरुकुल के छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम के शाम के सत्र के दौरान, बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों पर गहरा प्रभाव छोड़ा, जिन्होंने छात्रों को हार्दिक प्रोत्साहन और आशीर्वाद दिया।


MANAV MANDIR GURUKUL
A Unit of Manav Mandir Mission Trust
www.manavmandirgurukul.org
2023-2024
HIGHER EDUCATION
12th BOARD
RESULT
MANAV MANDIR GURUKUL
A Unit of Manav Mandir Mission Trust
www.manavmandirgurukul.org
2023-2024
10th BOARD
RESULT
CLASS (11th -1st)
RESULT







# सेवा धाम प्लस द्वारा एमएमटीसी हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा पर प्रकाश डाला गया

दिनांक 26 मई 2024 को, सेवा धाम प्लस ने एमएमटीसी लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से, मालवीय नगर में स्थित एमएमटीसी हाउसिंग कॉलोनी में योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा पर केंद्रित एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम एमएमटीसी लिमिटेड के कार्मिक निदेशक श्री राजीव रंजन सिन्हा जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था, जिसमें श्री सतीश वैद्य जी, श्री हरीश पंत जी, श्रीमती अनीता जी सहित एमएमटीसी के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। सेवा धाम प्लस का प्रतिनिधित्व इसके निदेशक, साध्वी समता श्री जी और श्री अरुण योगी जी ने किया। साथ में डॉक्टर श्री एम.टी. आरिफ जी एवं श्री गौरव जैन जी भी उपस्थित रहें।

शिविर के दौरान, साध्वी समता श्री जी ने रंग और मिट्टी थेरेपी पर चर्चा की, जबकि श्री अरुण योगी जी ने स्वस्थ और ऊर्जावान नींद सुनिश्चित करने के लिए योग के लाभों और सोने की उचित तकनीकों पर प्रकाश डाला। श्री एम.टी. आरिफ जी ने दैनिक जीवन में आहार के महत्व और पल्स डायग्नोसिस के अभ्यास पर जोर दिया। युवा चिकित्सक डॉ. गौरव जैन ने प्रतिभागियों के रक्तचाप की जाँच की, प्रासंगिक स्थितियों का निदान किया और बेहतर जीवनशैली और समग्र स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताया।

कार्यक्रम का समापन प्रत्येक प्रतिभागी को 19 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के मिश्रण वाली हर्बल प्रसादम चाय परोसने के साथ हुआ। इस स्वास्थ्य शिविर ने प्राकृतिक और समग्र स्वास्थ्य प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी उपस्थित लोगों पर गहरा प्रभाव छोड़ा।






FREE YOGA / MEDITATION
/ NATUROPATHY
HEALTH CAMP
SEVA-DHAMPlus
The Wellness Retreat


MMTC
FREE YOGA / MEDITATION
/ NATUROPATHY
HEALTH CAMP
SEVA-DHAMPlus
The Wellness Retreat
ORGANISED BY MMTC LTD. NEW DELHI
DATE: 26/05/2024
Essential of Health Programme
1. AAHAR CONCEPTS
2. YOGA SESSION
3. BRAHM KRIYA
4. Q & A SESSION
1. Improve Health
2. Reduce Stress
4. Weight Loss
With the motto "Trust





# गुरुकुल के छात्र मयंक ने JEE MAINS में 6360 वीं रैंक हासिल की







हम यह साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं कि हमारे गुरुकुल के छात्र मयंक चौधरी ने एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। मयंक ने अपने 12वीं बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय में 89% अंक प्राप्त करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम यह रहा कि उन्होंने जेईई मेन 2024 में 97.45 परसेंटाइल हासिल की, और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 6360वीं रैंक प्राप्त की।

उनकी सफलता को और पहचान मिली जब उन्हें उनके संस्थान, श्री चैतन्य, द्वारा सफल उम्मीदवारों के पोस्टर पर फीचर किया गया। मई में जेईई एडवांस्ड की परीक्षा देने के बाद, वे अपने परिणामों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो 9 जून 2024 को घोषित होने वाले हैं।

# हुडको और सेवाधाम प्लस द्वारा मानव मंदिर परिसर में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया

5 जून, 2024 को हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हुडको) ने सेवा धाम प्लस के सहयोग से मानव मंदिर परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में हुडको के प्रमुख लोग उपस्थित थे, जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुलश्रेष्ठ जी, कॉरपोरेट प्लानिंग के निदेशक श्री एम नागराज जी, और कार्यकारी निदेशक श्री राजीव शर्मा जी के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी भी शामिल थे। सेवा धाम प्लस से साध्वी समता श्री एवं श्री अरुण योगी जी सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पूज्य गुरुदेव जी आचार्य श्री रूपचंद्र जी महाराज के आशीर्वाद से हुई, जिन्होंने आज की दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद 'दीप प्रज्वलन' समारोह हुआ, जिसमें गुरुकुल की दो बालिकाओं 'शिखा' और 'पिंकी' द्वारा प्रस्तुत 'दीप वंदना' एवं 'स्वागत गीत' शामिल था। इसके बाद श्री एम नागराज जी, श्री संजय कुलश्रेष्ठ जी आदि ने परिसर में पेड़ लगाए, जो पर्यावरण बहाली के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में गुरुकुल के बच्चों द्वारा कई मनमोहक प्रदर्शन किए गए, जिसमें एक नाटक भी शामिल था जिसने पेड़ों को बचाने के महत्व के बारे में एक गहरा संदेश दिया। साथ ही बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर भाषण दिये गये।

बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दो राउन्ड के एक क्विज़ का आयोजन किया गया। गणमान्य व्यक्तियों ने पर्यावरण की रक्षा के महत्व पर जोर दिया और सतत संसाधन उपयोग की वकालत की। कम करें, पुन: उपयोग करें और पुनर्चक्रण के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया और उन्हें बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम का समापन वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गुरुकुल के बच्चों के सम्मान के साथ हुआ। क्विज़ विजेताओं, भाषण विजेता और नाटक कलाकारों को भी हुडको द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन गुरुकुल के बच्चों द्वारा हुडको को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसके बाद ब्रंच का आयोजन किया गया।




पर्यावरण बचे
तो प्राण बचे
पेड़ लगाओ




hudco
SEVA-DHAMPlus
World Environment Day 2024
Theme: "Land Restoration, Desertification and Drought Resilience"
Date: 5th June, 2024 (Wednesday)
Venue: Sewa Dham Plus, Manav Mandir Gurukul, Ganga Vihar Sarai Kale Khan, New Delhi




World Environment Day 2024

# हमारी टीम

## Manav Mandir Mission Trust

• Date of Foundation : 6 December 1981, Jaipur • Statutory Foundation : 3 November 1989, Ludhiana, Regn No. - 6467




Manav Mandir Mission Trust, a non-profitable public charitable trust registered under the Indian Trust Act, Section (42), was established on 3rd November, 1989 by H.H. Acharya Shri Roop Chandra Ji Maharaj.


Get In Touch With Us
Regd. Office: KH-57, Ring Road, Sarai Kale Khan, New Delhi 110013
+91-9643990099
contact@manavmandirmission.org